भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 2449

जिसका उत्तर 13.03.2025 को दिया जाना है

एनएच-66 से संबंधित एफओबी

2449. डॉ. एम. पी. अब्दुस्समद समदानी:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच)-66 पर चल रहे विकास कार्यों के कारण पोन्नानी लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों, विशेष रूप से पुथुपोन्नानी, थेयंगड जंक्शन, चामरावट्टम, मदिरसेरी, कुट्टीपुरम, कान्हिपपुरा, वेट्टीचिरा, पुथानाथनी, रंदाथानी, एडारिक्कोड, मेले कोझीचेना, वेन्नियूर और कक्कड़ के पास थंगलपडी जैसे क्षेत्रों में निवासियों और यात्रियों के सामने आने वाली गंभीर चुनौतियों से अवगत है, यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार बी.एड. कॉलेज के पास रणदाथानी टाउन, पुथुपोन्नानी, चामरावट्टम के पास एमआई स्कूल और थेयंगड जंक्शन पर कक्कड़ के पास मेले कोझीचेना, थंगलपडी और एनएच-66 पर कुट्टीपुरम के पास काजुथल्लूर जैसे महत्वपूर्ण स्थानों पर फुट ओवर ब्रिज के निर्माण पर विचार करेगी; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) केरल राज्य सरकार के परामर्श से अधिग्रहित किए गए 45 मीटर के सीमित मार्गाधिकार (आरओडब्ल्यू) के साथ दोनों ओर सर्विस रोड सहित एनएच-66 का छह लेन राजमार्ग में उन्नयन किया जा रहा है। चूंकि, विशिष्ट स्थानों पर वाहन अंडरपास (वीयूपी), फ्लाईओवर जैसी सड़क पार करने की सुविधाओं का निर्माण किया जा रहा है, इसलिए इस अवधि के दौरान सड़क प्रयोक्ताओं को कुछ परेशानी महसूस हो सकती है। हालांकि, यातायात की आवाजाही बनाए रखने और विनियमन के लिए उचित उपाय सुनिश्चित किए गए हैं ताकि स्थानीय निवासियों की परेशानियों को कम किया जा सके।

(ख) और (ग) 45 मीटर का सीमित मार्गाधिकार (आरओडब्ल्यू) होने के कारण फुटओवर ब्रिज (एफओबी) का रैंप लगाने के लिए आरओडब्ल्यू में पर्याप्त स्थान उपलब्ध नहीं है। इसके अलावा कुछ स्थानों पर राष्ट्रीय राजमार्ग के ऊपर उठे होने (एलिवेशन प्रोफाइल्स) और सर्विस रोड के बीच अंतर होने के कारण फुटओवर ब्रिज (एफओबी) संस्थापित करना व्यवहार्य नहीं है। हालांकि, यदि राज्य सरकार इस प्रयोजनार्थ भूमि उपलब्ध कराने की इच्छुक है, तो विशिष्ट स्थानों पर एफओबी संस्थापित करने के बारे में विचार किया जा सकता है।

*****